## कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहनप्राधिकार, सारण, छपरा।

(Email id-rtasaranbihar@gmail.com)

ज्ञापांकः–......287....../दिनांकः–....03..../...10.........2025

## सूचना

एतद् ज्ञापांक–283, दिनांक–24.09.2025 के द्वारा सभी संबंधित आवेदक एवं आपत्तिकर्त्ताओं को सूचित किया गया था कि *OGRAS* पोर्टल में तकनीकी समस्या होने के कारण विगत कुछ दिनों से शुल्क जमा नहीं हो पा रही है, जिसके कारण अधिकतम आपत्तिकर्त्ताओं द्वारा बिना वांछित शुल्क के हीं आपत्ति दाखिल किया गया है। जिसे इस एजेण्डा में शामिल कर प्रकाशित करते हुए संबंधित वाहन स्वामियों/आपत्तिकर्त्ताओं को सूचित किया गया था कि वे बैठक की तिथि से पूर्व वांछित शुल्क/जुर्माना की राशि जमा कर साक्ष्य कार्यालय को उपलब्ध करा देंगे। वर्तमान में *OGRAS* पोर्टल क्रियाशील है।

अतएव उक्त सभी संबंधित आवेदक एवं आपत्तिकत्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक–06.10.2025 के अप0 05.00 बजे तक निश्चित रूप से अपना वांछित शुल्क/जुर्माना की राशि इस तिथि तक जमा कर कार्यालय को साक्ष्य उपलब्ध करा देंगे, ताकि बैठक की तिथि शीघ्रातिशीघ्र निर्धारित की जा सके।

अतः सभी संबंधित आवेदकों/आपत्तिकर्त्ताओं से अनुरोध है कि अपने देय वांछित शुल्क/जुर्माना की राशि जमा कर उसका साक्ष्य कार्यालय को उपलब्ध करा देंगे। अन्यथा वांछित आपत्ति शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में उनका आपत्ति प्राधिकार की बैठक में विचारणीय नहीं होगा।

(आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, सारण, छपरा के निदेशानुसार)

03/X/2025

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,<br>क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,<br>सारण प्रमंडल, छपरा।